कोलकाता, गुरुवार
5.05.2016

प्री-प्राइमरी व प्राइमरी के बच्चों ने दिखाया हुनर



श्री श्री एकेडमी में छठां वार्षिक पुरस्कार दिवस मनाया गया

कोलकाता. श्री श्री एकेडमी में छठां वार्षिक पुरस्कार दिवस मनाया गया. यह दिवस स्कूल के छात्रों, अभिभावकों, शिक्षिकाओं, सदस्यों व कर्मचारियों के लिए काफी आनंद व उल्लास भरा रहा. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित शिक्षा मामलों के सलाहकार व स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के अध्यक्ष शोमी दास ने कहा कि बच्चों के समग्र विकास के लिए उन्हें हर तरह की गतिविधियों से जोड़ा जाता है. बच्चों की नींव मजबूत करने के लिए बाल्यावस्था में ही उन्हें सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया जाता है, जिससे वे हर क्षेत्र में आगे रहें. देश-विदेश के कई शैक्षणिक संस्थानों को ऊंचाइयों तक पहुंचाने में श्री दास का काफी महत्वपूर्ण योगदान है. यहां उन्होंने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि शैक्षणिक संस्थान में प्रत्येक गुजरता वर्ष कुछ न कुछ सिखा कर जाता है. छात्र, अच्छा इंसान बनें, इसके लिए उन्हें होलिस्टिक शिक्षा की जरूरत है. कार्यक्रम में स्कूल की प्रधानाध्यापिका सुमिता बोस ने कहा कि हर बच्चे के अंदर हुनर है. अगर उनको मौका दिया जाये तो वे बहुत कुछ कर सकते हैं. मूल्यपरक शिक्षा के साथ उन्हें मंच भी दिया जाता है, जिससे उनकी प्रतिभा निखर सके. बच्चों को आगे बढ़ाने में पैरेंट्स व टीचर्स की भी अहम भूमिका है. सांस्कृतिक कार्यक्रम में कक्षा 2 के बच्चों ने संस्कृत श्लोक पढ़कर दर्शकों का मनोरंजन किया. प्री-प्राइमरी के बच्चों ने -द स्काइ इज द लिमिट की प्रस्तुति के साथ अपना हुनर दिखाया. कक्षा तीन व चार के छात्र भी गीत के साथ थिरकते नजर आये. कक्षा 4 के छात्रों ने उदय शंकर की नृत्य शैली में डांस ड्रामा पेश किया. पुरस्कार समारोह में मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन करते हुए प्राथमिक सेक्शन की इंचार्ज जून पिन्टो ने कहा कि बच्चों को सही शिक्षा व दिशा दी जाये तो वे बहुत आगे जा सकते हैं. छात्रों को अच्छा नागरिक बनाने में शिक्षक का बहुत बड़ा हाथ होता है. बच्चों के अभिभावकों ने भी उत्साह व्यक्त किया.